क्विक हील फाउंडेशन ने लॉन्च की 'साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा

असम। क्विक हील टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने अपनी सीएसआर इकाई-क्विक हील फाउंडेशन के माध्यम से आज असम के बारपेटा में अपनी महत्वपूर्ण साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा-अर्न ऐंड लर्न (साइबर सुरक्षा के लिए साइबर शिक्षा-कमायें और सीखें) पहल लॉन्च की। इस अवसर पर क्विक हील की ऑपरेशनल एक्सीलेंस की चीफ और क्विक हील फाउंडेशन की चेयरपर्सन, सुश्री अनुपमा काटकर उपस्थित थीं, जिन्होंने प्रोग्राम का उद्घाटन किया। यह बारपेटा में साइबर सुरक्षा की शिक्षा बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। स्थानीय एनजीओ, 'सृजन-एक सोच' के सहयोग से यह पहल इस क्षेत्र में 40,000 स्टूडेंट्स और 10,000 ग्रामीणों तक पहुंच बनाएगीा इसकी मदद से लोगों के बीच डिजिटल व्यवहारों पर जागरूकता फैलाने साइबर सुरक्षा के प्रति तत्परता को मजबूत करने का काम किया जाएगा। भारत में 250 सर्वाधिक पिछड़े जिलों में से एक बारपेटा को वर्ष 2006 से पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि प्रोग्राम (बीआरजीएफ) का लाभ मिल रहा है। प्राकृतिक सुन्दरता से भरा बारपेटा शहर गुवाहाटी से 98 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित है और बारपेटा जिले का प्रशासनिक मुख्यालय है।